वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–
परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक : 3241 /परीक्षा/2026

दिनांक : 03.11.2026

अति आवश्यक समयबद्ध

कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि प्राचार्य/प्रबन्धक गण के अनुरोध पर छात्रहित में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर के **स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर समस्त पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के सत्र 2026–27 में** प्रवेशित छात्र/छात्राओं के संस्थागत एवं कैरी फारवर्ड के परीक्षा फार्म आनलाइन भरे जाने, शुल्क जमा कराने हेतु निम्नवत तिथि विस्तारित की जाती है:–

01	**आनलाइन विषयों का चयन एवं सत्यापन की तिथि**	**05.11.2026 तक**
02	**परीक्षा फार्म भरने एवं सत्यापन करने की तिथि**	**05.11.2026 तक**
03	**परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि**	**06.11.2026 तक**

(अ) **विशेष रूप से यह सूच्य है कि स्नातक स्तर पर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर /स्नातकोत्तर स्तर पर सप्तम एवं नवम सेमेस्टर संस्थागत तथा स्नातक प्रथम एवं स्नातकोत्तर सप्तम सेमेस्टर कैरी के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जायेंगें।** सर्वप्रथम सर्तकतापूर्वक सही–सही विषयों/प्रश्न पत्रों का चयन करें एवं परीक्षा फार्म भरें , अन्यथा कोई त्रुटि होने पर सम्बन्धित महाविद्यालय उत्तरदायी होंगे। परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी समस्या के निदान हेतु VBSPU EXAM GROUP पर whats app कर सकते हैं।

(ब) स्नातक स्तर के पंचम सेमेस्टर संस्थागत/कैरी तथा प्रथम सेमेस्टर (छूटे हुए) एवं तृतीय सेमेस्टर केवल कैरी तथा स्नातकोत्तर स्तर के सप्तम सेमेस्टर कैरी (छूटे हुए) एवं नवम सेमेस्टर कैरी (छूटे हुए) फार्म **पूर्व की भॉति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जायेंगें। इसमें किसी प्रकार की सहायता हेतु प्रातः 10.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक मो0नं0–9118051031 पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।**

(स) निर्धारित तिथि तक समस्त विषयों का चयन करते हुए परीक्षा फार्म भरवाना एवं फीस जमा करवाना सुनिश्चित करें। उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक समस्त कार्यवाही पूर्ण करें, अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय उत्तरदायी होंगें। परीक्षा निर्धारित तिथि से प्रारम्भ की जायेगी।

(द) परिणाम सम्बन्धी निस्तारण हेतु support@vbspu.ac.in पर मेल करें।

नोट– समस्त महाविद्यालय, विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष ये सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि सम्बन्धित छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने के परिप्रेक्ष्य में समस्त अपेक्षित अर्हतायें धारित करता हो।

डॉ0 (विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वित्तअधिकारी/कुलसचिव।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक विश्वविद्यालय परिसर।
4. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें तथा निर्धारित समय से फार्म पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
5. मीडिया प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर को समस्त समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
6. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय परिसर।
7. प्रशा0अधिकारी परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।

परीक्षा नियंत्रक